Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to increase the commsion of Trade Union Cooperative Socities by 2.5 percent annually.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): **अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने के लिए मौका दिया, उसके लिए धन्यवाद । आज पूरे देश में किसानों के धान की खरीदारी जितनी होनी चाहिए, उतनी नहीं हो रही है । आज माननीय कृषि मंत्री जी यहां पर नहीं हैं । मैं उनसे मांग करना चाहता हूँ कि वर्ष 2013 में व्यापार मंडल सहकारी समितियां जो धान को खरीद रहे थे, उनका कमीशन वर्ष 2013 में 2.5 प्रतिशत का था और उसको हर साल बढ़ाना था, लेकिन आज तक उसकी बढ़ोतरी नहीं हुई है । इसीलिए आज जितनी भी कोऑपरेटिव सोसायटीज़ हैं, वे धान नहीं खरीद रही हैं । मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि उनकी हर साल 2.5 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी होनी चाहिए, जिससे धान की अधिक खरीद हो सके ।**